Recommendations of the Committee on the Role of the ICAR

215. SHRI YALLA SESI BHUSHANA RAO: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Committee set up to review the existing organisational infrastructure, personnel, policies and functional role of the Indian Council of Agricultural Research strongly urged for increasing the investment on agricultural research in the country;

(b) whether it is also a fact that the Committee had recommended for substantial increase of funds to agricultural research in the remaining years of the Seventh Five Year Plan; and

(c) if so, what action Government have taken on the recommendations made by the Committee?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH AND EDUCATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI HARI KRISHNA SHASTRI): (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) The report of the ICAR Review Committee is under consideration.

216. [*Transferred to the 14th November*, 1988].

फलों, सब्जियों आदि के लिए विशेष प्रसंस्करण योजनाएं

217. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **खाद्य, प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फलों, सब्जियों तथा खाद्य तेलों के विशेष प्रसंस्करण के संबंध में विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस संबंध में ऐसे विशेष कार्यक्रम क्या हैं, जिनके विभिन्न राज्यों में आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) फल तथा सब्जी प्रसंस्करण के विकास के लिए राज्य सरकार/सहकारी समितियों को सहायता देने के लिए एक प्लान स्कीम है । इसके लिए 1988–89 के दौरान बजट अनुमान 40 लाख रुपये है ।

वनस्पति तेलों के विकास के लिए अनुसधान और विकास के बारे में भी एक प्लान स्कीम है जिसके लिए 1988–89 के बजट अनुमान में 4.6 लाख रुपये की व्यवस्था है ।

(ख) राज्यवार कार्य योजनाओं को अन्तिम रूप देने के लिए सम्बन्धित एजेंसियों के साथ क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय बैठकें की जा रही हैं ।

"दि लास्ट टेम्पटेशन आफ क्राईस्ट" फिल्म को दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाना

218. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "दि लास्ट टेम्पटेशन आफ क्राईस्ट" फिल्म के दूरदर्शन पर प्रसारण के संबंध में कोई आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो जिन व्यक्तियों से ऐसे आवेदन पत्र/आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनके नाम क्या है ;

(ख) फिल्म के दूरदर्शन पर प्रसारण के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है; और

(ग) क्या आवेदनकर्ताओं को कोई आश्वासन दिए गए हैं; यदि हां तो उनका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम

219. श्री सुनील कुमार पट्टनायक : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को देश के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यमान बेरोजगारी की समस्या की जानकारी है ;

(ख) यदि हां, तो इस समस्या के समाधान के लिए देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों और विशेषकर उड़ीसा के क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम क्रियान्वित करने के लिए अब तक क्या-क्या कदम उठाये गये हैं ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान देश भर के सभी राज्यों और विशेषकर उड़ीसा को उपलब्ध कराई गई राशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) जी हां ।

(ख) भारत सरकार ने उडीसा सहित देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एन. आर. ई.पी.) को कार्यान्वित करने के लिए मार्गदर्शिकाएं निर्धारित की हैं और मासिक, तिमाही तथा वार्षिक रिपोर्टों के जरिए कार्यक्रम की निगरानी करती है । सातवीं पंच-वर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान पूरे देश और उड़ीसा में रोजगार सृजन के लक्ष्य तथा उपलब्धि नीचे दर्शाई गई है :—

वर्ष	अखिल भारत		उड़ीसा	
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि (लाख श्रमदिन)
1985-86	2280.00	3164.14	130.00	147.83
1986-87	2750.83	3953.92	181.77	121.20
1987-88	3635.58	3707.74	201.75	224 99

(ग) वर्ष 1985–86, 1986–87 और 1987–88 के लिए उड़ीसा सहित विभिन्न राज्यों को केन्द्रीय सहायता के रूप में उपलब्ध कराये गये संसाधन अनुबंध I, II, III में दर्शाये गये हैं [देखिये परिशिष्ट 148, अनुपत्र सं० 8क, 8ख और 8ग]

Villagers affected by Floods in Punjab

220. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what is the number of villages affected by recent floods in Punjab;

(b) how many of these were marooned during the floods and what is the number of those which still remain cut off.

(c) what is the estimate of total loss suffered on account of damage to property, roads and crop and death of livestock; and

(d) what is the number of people who died during these floods.

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE